हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 2 अक्टूबर 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

14 स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया जागरूक



13 वर्षों से बहिष्कृत 11 परिवार समाज में वापस ...



**तैयारी :** मंदिरों में साफ-सफाई व रंग रोगन के साथ की गई विशेष साज-सज्जा

# नवरात्रि कल से, तैयारी पूरी, जिला मुख्यालय सहित अंचल में 9 दिन गूंजेंगे माता के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शारदीय नवरात्रि पर्व गुरुवार 3 अक्टूबर से आरंभ हो रही है, इसकी तैयारी शहर के देवी मंदिरों में पूर्ण की जा चुकी है। मंदिर परिसर की सफाई के साथ ही रंग रोगन का काम पूरा चुका है। 12 अक्टूबर को नवरात्रि समाप्त होगी, 13 अक्टूबर को दशहरा पर्व मनाया।

पुरोहितों के अनुसार प्रतिपदा तिथि 2 अक्टूबर की रात 11:24 मिनट से शुरू होगी और 3 अक्टूबर को दोपहर 12:32 तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार शारदीय नवरात्रि की शुरुआत 3 अक्टूबर से होगी। पहले दिन अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना कर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाएगी। लोग व्रत भी रखेंगे और पूरे 9 दिनों तक मां दुर्गा की आराधना करेंगे।

### होंगे विविध आयोजन

जिला मुख्यालय के बाजार स्थित माता भद्रकाली मंदिर, माता शीतला मंदिर, मां कालिका मंदिर सहित अंचल के देवी मंदिरों में इस दौरान विविध कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। मंदिरों के पुजारियों ने बताया कि मंदिर में घी वह तेल प्रज्वलित के साथ ही प्रतिदिन चंद्रविद्या हवन, काली शास्त्र सहस्त्रनाम व दुर्गा सप्तशती का पाठ, हवन, देवी भागवत, भजन, कीर्तन एवं माता सेवा की जाएगी।

## *विभिन्न स्थानों पर सजाए गए हैं पंडाल, समितियों ने पूरी की तैयारी*



### मंडी परिसर में रहेगी गरबा व डांडिया की धूम

जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी परिसर मैदान में मित्र मंडली समिति की ओर से तीसरे वर्ष गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। बीते वर्ष कोबिया मैदान में यह आयोजन हुआ था। बीते वर्ष की तरह इस बार भी गरबा और डांडिया की धूम रहेगी और भक्त माता के भजनों पर थिरकेंगे। गरबा महोत्सव को लेकर शहर में उत्सव का माहौल बना रहता है।

### धूमधाम से मनाया जाएगा दुर्गा उत्सव

पर्व को पूरी श्रद्धा भक्ति से मनाने नगर के दर्जनों छोटी, बड़ी दुर्गा से समितियों ने भी अपनी-अपनी तैयारियां कर ली हैं। आयोजन समिति के सदस्यों की बैठक लेकर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने पंडाल आदि निर्माण कार्य पूरा कर लिया है। यहां बताना लाजिमी होगा कि नगर के मुख्य रूप से बाजार पारा, कबीर कुटी के पीछे, नया बस स्टैंड, सिंघौरी, कृष्ण विहार कॉलोनी, सिंधी कॉलोनी, कोबिया, पिकरी पारा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मां दुर्गा की भाव एवं मनमोहक प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं। मंदिर व दुर्गा उत्सव समितियां की तैयारी को देखकर कहा जा सकता है कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बेमेतरा नगर सहित अंचल में दुर्गा उत्सव एवं नवरात्रि पर्व की धूम रहेगी।



नवरात्रि के लिए सजा बाजार

**बेमेतरा।** पितृपक्ष का समापन आज 2 अक्टूबर को हो रहा है। इसके साथ ही 3 अक्टूबर से शारदीय नवरात्र पर्व की शुरुआत हो रही है। इसे लेकर बाजारों में रौनक छाने लगी है। बाजार में पूजा सामानों एवं सजावट के सामानों की दुकानें सज गई हैं, जहां पर्याप्त स्टाक रखा गया है। इस बार नवरात्रि के साथ ही पूरे त्योहारी सीजन में बाजार में रौनक बने रहने व बेहतर व्यवसाय की उम्मीद व्यापारियों को है।

शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना का पर्व क्वांर नवरात्रि से पूरी बाजार की दुकानों में व्यापक साज सजावट की गई है। वहीं पर्व को देखते हुए सामानों का पर्याप्त स्टॉक भी रखा जा रहा है। आगामी दिनों से बाजार में सुबह से देर शाम तक चहल पहल बने रहने की संभावना जताई जा रही है। 3 अक्टूबर से नवरात्रि प्रारंभ होते ही लोगों की चहल-पहल खरीदी के लिए बाजार में होने लगेगी। शहर के बाजार पारा, नवीन बाजार, शीतला रोड, सदर बाजार से लेकर पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड इलाके में नवरात्रि पर्व से संबंधित सामग्री की दुकानें सजी हुई हैं। दीए से लेकर ज्योति कलश प्रज्वलित करने के पात्र इत्यादि की दुकानें सजी हुई है। व्यवसायियों ने बताया कि दूर दराज के ग्रामीण इलाकों के लोग इन दिनों बाजार से पर्व संबंधित सामग्रियों की खरीदी कर रहे हैं, ताकि पर्व के समय बाजार न आना पड़ जाए।

### ग्रामीण क्षेत्र से भी बेहतर ग्राहकी

नवरात्रि पर्व के समापन के बाद दशहरा और उसके बाद दीपावली भी आने वाली है। इसे लेकर लोगों में उत्साह बना हुआ है। इस दौरान बाजार में जमकर खरीदी होने की संभावना है। बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण इलाकों से भी बेहतर ग्राहकी होने का अनुमान है।

## प्रधान पाठिका ने शिक्षिका के आवेदन पत्र की बढ़ा दी तारीख, चढ़ा दिया अवकाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- शाला निरीक्षण के दौरान डाइट प्राचार्य घृतलहरे ने पकड़ी गड़बड़ी

डाइट के प्राचार्य जेके घृतलहरे ने शाला अनुभव कार्यक्रम के अंतर्गत डीएलएड छात्र अध्यापकों के अध्यापन कार्यक्रम के निरीक्षण के लिए विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण किया।

इसके अंतर्गत सर्वप्रथम शासकीय प्राथमिक शाला कंतेली गए, जहां डीएलएड के दो छात्र अध्यापकों को अध्यापन कार्य के लिए भेजा गया है। वहां दोनों छात्र अध्यापक कक्षा में अध्यापन कार्य करते पाए गए। यहां की एक शिक्षिका आंचल वर्मा आकस्मिक अवकाश पर पाई गई। एक शिक्षिका नेहा सोनकर की व्यवस्था अभ्यास शाला में की गई है। बाकी स्टाफ उपस्थित पाए गए। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कंतेली में शिक्षिका सुनीता राजपूत 30 तारीख से लेकर 2 अक्टूबर तक आकस्मिक अवकाश पर हैं। उसके बाद डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे 1:00 बजे शासकीय प्राथमिक शाला निनवा पहुंचे। इस विद्यालय में डीएलएड पढ़ने वाले पांच छात्र अध्यापकों को अध्यापन अनुभव के लिए भेजा गया है। सभी छात्र अध्यापिका अपने-अपने कक्ष में बच्चों को टीएलएम के माध्यम से पढ़ाते हुए मिले। सभी पांच छात्र अध्यापकों निशा वर्मा, प्रीति वर्मा, संतोषी, द्रोणिका ▶▶| शेष पेज 13 पर

## प्रदेश में लगातार बढ़ रहे अपराध : छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- कांग्रेस की न्याय यात्रा में शामिल हुए पूर्व विधायक ने लगाया आरोप

प्रदेश में बढ़ते अपराध तथा राज्य सरकार पर अपराधों पर लगाम न लगा का आरोप लगाते हुए एवं बलौदा बाजार में हुई आगजनी तथा कवर्धा में हुए जघन्य हत्याकांड के विरोध में कांग्रेस द्वारा गिरौधपुरी से रायपुर तक न्याय यात्रा निकाली जा रही है। इस न्याय यात्रा में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं व अपने समर्थकों के साथ शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत एवं पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे के साथ यात्रा में शामिल पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा सरकार अपराधों पर नियंत्रण नहीं लग पा रही है। प्रदेश में चारों तरफ अपराध बढ़ते जा रहे हैं। चाहे बात राजधानी की हो या अन्य जिला मुख्यालयों अथवा ब्लॉक मुख्यालय की, सभी तरफ अपराधी तत्व हावी हो रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस की न्याय यात्रा प्रदेश के दबे कुचले वर्गों को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस पार्टी के द्वारा की जा रही है।



बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सहित कांग्रेस के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता इस रैली में शामिल हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा नेताओं को बिना किसी अपराध के जेल में डाला जा रहा है, जबकि अपराधी तत्वों को खुली छूट दे दी गई है। ऐसे में कांग्रेस की यह न्याय यात्रा प्रदेश सरकार को जगाने के लिए की जा रही है, जिसमें सभी लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लुकेश वर्मा, जिला पंचायत सदस्य शशि प्रभा गायकवाड़, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष बहल वर्मा, कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमन गोस्वामी, प्रदेश कांग्रेस युवा कांग्रेस के सचिव प्रांजल तिवारी, मोहित वर्मा, राजेंद्र वर्मा, पार्षद राजू साहू सहित कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## अभी तक चावल जमा नहीं करने वाले राइस मिलर्स पर करें सख़्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| बेमेतरा

- समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों के पत्रों के निराकरण की स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट ली। उन्होंने खाद्य एवं ज़िला नागरिक जानकारी ली। ज़िला शिक्षा अधिकारी को कहा कि बच्चों के जाति प्रमाण पत्र, सहित अन्य प्रमाण आय, मूल निवासी आदि बनवाये। जन्म प्रमाण पत्र बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी चीजों के किए लोगों को भटकना ना पड़े। पात्रधारियों को शासन की योजना का लाभ मिले। उन्होंने अधिकारियों को स्वेच्छा से रेडक्रास



आपूर्ति निगम और संबंधित अधिकारियों को चावल जमा नहीं करने वाले राइस मिलर्स पर सख़्त कार्रवाई करने कहा। इसके अलावा ज़िले के सभी एसडीएम को सरकारी ज़मीन अतिक्रमण और सरकारी ज़मीन पर सरकारी कार्य में बाधा डालने वालों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई करने की बात कही।

कलेक्टर रणवीर शर्मा ने अन्य पिछड़ा वर्ग सामाजिक एवं आर्थिक सर्वे की जानकारी ली। उन्होंने सभी एसडीएम से मतदान केंद्रों के युक्तयुक्तिकरण के बारे में पूछा। उन्होंने मुख्य मंत्री जनदर्शन के प्रकरणों के निराकरण की भी का आजन्म सदस्य बनने का भी आग्रह किया। उन्होंने ज़िले सभी एसडीएम को उनके क्षेत्र में एक जगह कई सालों से पदस्थ पटवारियों की जानकारी देने कहा। कलेक्टर ने आगामी दशहरा कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी ली। कल 2 अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा अन्तर्गत आयोजित ज़िला स्तरीय कार्यक्रम में सांस्कृतिक गतिविधियाँ और स्वच्छता में अच्छे कार्य करने वाले लोगों को पुरस्कृत करने की बात कही। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर ▶▶| शेष पेज 13 पर

**अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर कलेक्टर ने किया बुजुर्गों का सम्मान**

# युवा पीढ़ी बुजुर्गों के अनुभव व आशीर्वाद से अपने जीवन को और अच्छा बनाएं : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- वृद्धजनों से भेंट कर शॉल व श्रीफल देकर किया सम्मानित

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर कृषि उपज मंडी प्रांगण में कलेक्टर रणबीर शर्मा, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, अध्यक्ष, ज़िला पंचायत सुनीता साहू ,उपाध्यक्ष अजय तिवारी, पार्षद नीतू कोठारी, घनश्याम देवांगन सहित जनप्रतिनिधियों ने 300 महिला-पुरुष वृद्धजनों से भेंट कर शॉल, श्रीफल देकर उन्हें सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल, उपसंचालक समाज कल्याण बरखा कासू सहित वरिष्ठ नागरिक, वृद्धजन उपस्थित थे। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि वृद्धजन हमारें लिए महत्वपूर्ण धरोहर है। आज की युवा पीढ़ी इनके अनुभवों और आशीर्वाद से अपने जीवन को अच्छा बना सकते है।




उन्होंने युवा पीढ़ी से वृद्धजनों के अनुभवों और भावनाओं का सम्मान करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि वृद्धजन अनुभव का खजाना होते है। श्री सिंह ने कहा कि वृद्धजनों के सम्मान से ही आने वाली पीढ़ी का भविष्य और बेहतर एवं उज्वल हो सकता है। पूर्व विधायक अवधेश चंदेल कहा कि बुजुर्ग घर की शोभा होते हैं। इनके रहने से आश्रय और संबल मिलता है। साथ ही यह हमारें हर समस्या का समाधान करने में सक्षम होते है।उन्होंने कहा कि हमारें देश की गौरवशाली परम्परा है हम अपने बड़े बुजुर्गों का सम्मान करें और उनके सुख सुविधाओं का ख्याल रखें। हर समाज को इनका पूरा आदर और सम्मान करना चाहिए तथा इनके अनुभवों का लाभ लेना चाहिए। क्योंकि उन्होंने अपने जीवन की लंबी यात्रा तय की है।

## खबर संक्षेप

### तालाब पार में कराया बोर खनन



**दाढ़ी।** नगर पंचायत के मां शीतला मंदिर स्थित तालाब, जहां दाढ़ी नगर के सभी मंदिरों के नवरात्रि में ज्योति विसर्जन होता है। तालाब से लगा बोरवेल खराब हो बंद हो गया था, जिसे मंगलवार जनपद निधि से बोर खनन कराया गया है। इस अवसर पर जनपद सदस्य अर्पित गुप्ता, सरपंच भानुमति बंजारे, बसंत गुप्ता, दीपक कुम्भकार, प्रतीक गुप्ता गौतम साहू, चिंटू अग्रवाल, अंजोर दास, हीरेन्द्र बंजारे व अन्य उपस्थित रहे।

### प्लेसमेंट कैंप 8 को

**बेमेतरा।** जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते हैं, उनके लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बेमेतरा में 8 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत निजी संस्थान में सिक्युरिटी गार्ड के 30 पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक आवेदक रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, एवं समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्र के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में उपस्थित हो सकते हैं।

### शिक्षिका ने कराया न्योता भोज



**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी की शिक्षिका सरस्वती साहू ने अपने जन्मदिन पर प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों को न्यौता भोज कराया। इसके तहत उन्होंने फल व मिठाई वितरित की। इसके साथ ही स्कूल के जरूरतमंद बच्चों को कंपास बॉक्स एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को रंगीन पेंसिल प्रदान किया गया। साथ ही शाला परिसर में मधुकामनी का पौधा लगाया। शिक्षिका द्वारा आयोजन का यह निरन्तर तीसरा वर्ष है। पिछले वर्ष स्कूल के 18 बच्चों को जूता मोजा का वितरण किया गया था। स्कूली बच्चों के द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से बैठकर भोजन मंत्र कर प्रसाद ग्रहण किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा सहित आगेश्वरी साहू,राजेश्वरी ठाकुर, देवेंद्र साहू,नुतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल,साजन वर्मा एवं रेणुका अग्रवाल उपस्थित रहे।

### गांधी जयंती पर विचार गोष्ठी आज

**डौंडीलोहारा।** मधुर साहित्य परिषद जिला बालोद द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि गोष्ठी दंतेश्वरी मंदिर परिसर डौण्डीलोहारा में अपरान्ह 2 से रखी गई है। गोष्ठी में महात्मा गांधी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विशेष चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही परिषद की आगामी गतिविधियों पर चर्चा के बाद काव्य गोष्ठी होगी।

### हुमेश ने राज्यस्तरीय स्पर्धा में पाया तीसरा पुरस्कार

**जामगांव आर।** स्वामी आत्मानंद विद्यालय जामगांव आर के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय अटल टिंकरिंग लेब मॉडल प्रदर्शनी बिलासपुर में शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसमें हुमेश देशमुख ने पूरे राज्य में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। विद्यालय प्राचार्य राजेश पिल्लई ने कहा कि विद्यार्थी को तराशने में प्रभारी विनीता सुधीर की मेहनत रंग लाई।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### शंकर नगर के बीटीआई मैदान पर सफाई मित्र सुरक्षा शिविर

**रायपुर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग और स्वच्छ भारत मिशन शाखा की ओर से 5 जोन के सफाई मित्रों को स्वास्थ्य सुरक्षा देने सोमवार को शिविर लगाया गया। बीटीआई मैदान शंकर नगर में आयोजित शिविर में जोन 1 , 3, 5, 8 और 9 के सफाई मित्र स्वास्थ्य जांच कराने पहुंचे। रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने शिविर स्थल पर पहुंचकर बीपी की जांच करवायी। नगर निगम जोन 3 के शंकरनगर क्षेत्र में सफाई मित्रों के स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर का निरीक्षण करने निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा सहित जोन के अधिकारी पहुंचे। निगम आयुक्त ने शिविर का लाभ लेने पहुंचे सफाई मित्रों से चर्चा कर उन्हें मिल रहे योजनाओं के लाभ की जानकारी ली।

### लालपुर के 100 युवाओं ने ली भाजपा सदस्यता



**रायपुर।** भाजपा ग्रामीण मंडल अंतर्गत लालपुर में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सांई रेजिडेंसी के सामने रायपुर ग्रामीण विधानसभा के विधायक मोतीलाल साहू मुख्य आतिथ्य में सुना गया। जहां लालपुर के 100 युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं विधायक श्री साहू के जनहितैषी कार्यों को देखते हुए भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य आलोक श्रीवास्तव के नेतृत्व में भाजपा की सदस्यता ली। इस कार्यक्रम में लालपुर के डीएन हाइट्स के अध्यक्ष मूर्ति, सिंचाई कॉलोनी के सचिव पवन श्रीवास्तव, मुस्कान रेजिडेंसी के अध्यक्ष श्री जायसवाल, अरिहंत हाइट्स के अध्यक्ष अमित, पैराडाइज होम्स के अध्यक्ष जीतू सोनी, सौरभ जैन, केशव खंडेलवाल ने भी भाजपा की सदस्यता ली।

### राजीव के नाम की योजना अब पं. दीनदयाल के नाम पर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश पर कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के नाम पर रही राजीव गांधी स्वालंबन योजना का नाम बदलकर अब पं. दीनदयाल उपाध्याय स्वालंबन योजना कर दिया गया है। इसी तरह राजीव गांधी आजीविका केंद्र योजना अब पं. दीनदयाल उपाध्याय आजीविका केंद्र योजना के नाम से संचालित होगी। उल्लेखनीय है कि 2018 में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद राज्य में कई सरकारी योजनाओं के नाम बदले गए थे। अब 2023 में भाजपा नेतृत्व की सरकार बनने के बाद इसी तरह कई योजनाओं के नाम बदले जा रहे हैं।

### जोन-2 में बढा पेयजल संकट आयुक्त से मिले आप कार्यकर्ता

**भिलाई।** जोन-2 क्षेत्र और वार्ड-15 में भीषण जल संकट की स्थिति है। इसे लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सोमवार को आयुक्त बजरंग दुबे से मिले। उन्होंने पानी संकट को लेकर आयुक्त को जानकारी दी। कार्यकर्ताओं ने बताया कि वार्ड 15 डॉ. अंबेडकर वार्ड में पेयजल आपूर्ति की समस्या बनी हुई है। आप नेता देवेंद्र सिंह भाटिया, संजीत विश्वकर्मा, सुमीत शर्मा, गीतेश्वरी बघेल, चुम्मन साहू , दिनेश यादव, सुजीत, प्रदीप कुमार, चंदू, शांति यादव, ललित यादव ने ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि ज़ोन 2 अध्यक्ष, कार्यपालन अभियंता को भी वस्तु स्थिति की जानकारी दी गई थी, लेकिन समस्या का निराकरण अब तक नहीं हो पाया है। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थल का निरीक्षण कर समस्या का तत्काल निराकरण कराएं।

# छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के अंतिम दिन शामिल होंगे पायलट

**चौथे दिन डॉ. महंत, सांसद ज्योत्सना महंत, फूलोदेवी, पूर्व मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा चौथे दिन आरंग विधानसभा के भैंसा से निकलकर धरसींवा विधानसभा में प्रवेश कर गयी। यात्रा खरोरा, माठ होते हुये रात्रि विश्राम सारागांव था। कुल 24 किमी की पदयात्रा में भैंसा से सारागांव तक यात्रा में ग्रामीणों तथा क्षेत्रवासियों ने मंच बनाकर जगह-जगह स्वागत किया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कार्यकताओं में भी यात्रा को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। इसका उद्देश्य प्रदेश की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को जगाना है। प्रदेश की सरकार दिशाहीन हो चुकी है। सरकार का ड्राइवर कौन है किसी को पता नहीं है, सरकार के मंत्रियों



में आपस में विरोधाभास है। उन्होंने कहा, पूर्ववर्ती कांग्रेस की 5 साल सरकार थी जो किसानों, युवाओं, माता, बहनों और प्रदेश के हर वर्ग के लिये काम किया। ईडी, आईटी, सीबीआई कांग्रेस सरकार को बदनाम करने का काम किया। भाजपा छत्तीसगढ़ की न्याय यात्रा से पूरी तरह घबरा गयी है और डर गयी है।

### समापन में शामिल होंगे पायलट

चौथे दिन की यात्रा की यात्रा भैसा से सारागांव तक जायेगी और कल यात्रा सारागांव से आगे बढ़ेगी। छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट 2 अक्टूबर को इस यात्रा में शामिल होंगे और साथ-साथ चलेंगे। कांग्रेस इस यात्रा को सामाजिक सौभाग्य के लिये निकाला गया है। भाजपा ने जो सोहाद्र बिगाड़ा है, उसको ठीक करने के लिये निकले है। पूरे समाज के लिये, एकता के लिये, भाईचारा के लिये हम सब पैदल चल रहे हैं।

### यात्रा को मिल रहा लोगों का रिस्पांस : महंत

*नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, छत्तीसगढ़ की न्याय यात्रा के चौथे दिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक, सांसद, पूर्व सांसद सभी लोग शामिल हुये। आम जनता और लोगों रिस्पांस बहुत अच्छा मिल रहा है। कांग्रेस की न्याय यात्रा में लोग जगह-जगह शामिल होकर अपना किसी न किसी भाव से समर्थन दे।*

***ये हुए शामिल :*** *यात्रा के चौथे दिन नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, मोहन मरकाम, डॉ. शिवकुमार डहरिया, अमरजीत भगत, प्रेमसाय सिंह, सांसद ज्योत्सना महंत, फूलोदेवी नेताम, उपाध्यक्ष गुरुमुख सिंह होरा, प्रतिमा चंद्राकर, पूर्व सांसद छाया वर्मा, अंबिका मरकाम, अम्बिका सिंहदेव, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू आदि शामिल हुए।*

### यात्रा की जगह-जगह स्वागत की तैयारी

छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का समापन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के दिन रायपुर के गांधी मैदान पर होगा। यहां एक बड़ी आमसभा का आयोजन किया जायेगा। न्याय यात्रा के रायपुर आगमन पर शहर के विभिन्न स्थानों पर यात्रा का स्वागत किया जायेगा। शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा इसके लिए आवश्यक बैठक में प्रदेश महामंत्री मलकित सिंह गेंदू शामिल हुए। उन्होंने कहा, बैठक में रायपुर शहर के समस्त 12 ब्लॉक अध्यक्ष को यात्रा को सफल बनाने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपने ब्लॉको से अधिक से अधिक संख्या मे वार्डो मे कांग्रेस के कार्यकर्ताओ के साथ पहुंचने कहा गया है। वार्डो मे न्याय यात्रा का उद्देश्य बताने के लिए पाम्प्लेट वितरित करने की जिम्मेदारी भी वार्ड अध्यक्ष को दी गई। उन्होंने वार्डो मे न्याय यात्रा के प्रचार प्रसार और यात्रा को सफल बनाने के लिए कांग्रेस भवन गांधी मैदान से ई रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## डाटा एंट्री आपरेटरों ने मंत्रालय घेरने निकाली महारैली, पुलिस ने अंडरब्रिज के पास रोका



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर से धरना स्थल में पहुंचे डाटा एंट्री आपरेटरों सोमवार को मंत्रालय घेरने धरना स्थल से महारैली निकाली। नियमितीकरण करने और 27 फीसदी वेतन वृद्धि संबंधी 2 सूत्रीय मांग को लेकर रैली निकाल रहे प्रदर्शनकारियों की भीड़ को पुलिस के जवानों ने अंडरब्रिज के पास बेरिकेड लगाकर रोक दिया। इस दौरान खासी गहमागहमी देखने को मिली। डाटा एंट्री आपरेटरों ने अपने लंबित मांग पूरा कराने जमकर नारेबाजी की। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ के प्रांतीय आव्हान पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से डाटा एंट्री आपरेटर रैली में शामिल होने तूता पहुंचे थे।

दरअसल, 18 सितंबर से डाटा एंट्री आपरेटर नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर बेमियादी धरने पर बैठे हैं। उनका कहना है कि 8 सरकारी विभागों का सालों से काम करने के बाद भी सरकार यह तय नहीं कर पाई उन्हें कौन से विभाग में रखा जाए। पिछले 8 माह से डाटा एंट्री आपरेटरों को वेतन नही मिला है। इससे प्रदेश भर के 2 हजार से ज्यादा डाटा एंट्री आपरेटर के समक्ष भूखों मरने की नौबत आ गई है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे ने कहा कि विगत 17 वर्षों से कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर का विभाग तय जल्द तय कर उन्हें नियमित किया जाए।

## नोटिस के बावजूद जमा नहीं की राशि, अब सस्पेंड की तैयारी

# 17 दुकानों में 26 सौ क्विंटल एपीएल चावल शॉर्टेज, दो बार दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एपीएल चावल में गड़बड़ी करने वाले उचित मूल्य के 17 दुकानों के संचालकों ने चावल के बदले राशि अब तक नागरिक आपूर्ति निगम में जमा नहीं कराए हैं। इस मामले में खाद्य विभाग इन दुकानों को पूर्व में दो बार नोटिस जारी कर चुका है। इसके बाद भी संचालक राशि जमा नहीं कर मनमानी कर रहे हैं। कलेक्टर ने ऐसे दुकान संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के बाद विभाग भी अब इन दुकानों पर सख्त रवैया अपनाते हुए कार्रवाई करने की तैयारी में है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार सभी दुकानों को आखरी मौका देते हुए अंतिम बार नोटिस जारी किया है। इसके बाद भी संचालकों द्वारा शॉर्टेज चावल के बदले राशि जमा नहीं करते हैं, तो दुकानों को निलंबित कर दिया जाएगा।


लापरवाही की भेट चढ़ा सैकड़ों एपीएल कार्ड धारकों का खाद्यान्न, हुआ लैप्स

सिस्टम में ऑप्शन नहीं, इसलिए इस माह नहीं मिल पाएगा

अधिकारियों को पता था लैप्स हो जाएगा खाद्यान्न, फिर भी चुप्पी साधी रही

दोबारा नोटिस जारी करेंगे

चावल के साथ शक्कर से भी हुए वंचित

सिस्टम में ऑप्शन नहीं, इसलिए पिछले माह का चावल नहीं मिलेगा

हरिभूमि फॉलोअप

### जांच में 26 सौ क्विंटल चावल माइनस मिला

अधिकारियों के अनुसार जांच में 17 दुकानों में एपीएल कोटे का कुल 26 सौ क्विंटल चावल ऑनलाइन सिस्टम में माइनस दिखा रहा है। पूछताछ पर दुकान संचालकों ने माइनस चावल के बारे में यह सफाई दी है कि स्टॉक में बीपीएल कोटे का चावल खत्म होने और नया स्टॉक समय पर नहीं पहुंचने के कारण एपीएल कोटे का चावल बीपीएल धारकों को बांट दिए हैं।

### बीपीएल कार्डधारकों को बांट दिया एपीएल का चावल

खाद्य विभाग की टीम ने जिले के विभिन्न उचित मूल्य की दुकानों का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान तीन दर्जन से अधिक दुकानों में एपीएल का चावल भारी मात्रा में माइनस में मिला था, जबकि यह चावल एपीएल कार्ड धारकों को बांटा ही नहीं गया था। जांच में पता चला कि संचालकों ने एपीएल कोटे का चावल बीपीएल धारकों को बांट दिया है। इसके कारण ऑनलाइन सिस्टम में एपीएल कोटे का चावल माइनस में दिखा रहा था, जबकि कार्ड धारकों ने चावल लिया है। इसकी एंट्री नहीं दिखा रही थी।

### जमा नहीं करने वाली दुकानों को निलंबित करेंगे

निरीक्षण के दौरान जिन दुकानों को एपीएल चावल शार्टेज मिलने पर नोटिस जारी किया है, उनमें कुछ दुकानों ने चावल के बदले राशि जमा करा दी है, लेकिन 17 दुकानों ने अब तक राशि जमा नहीं कराई है। कलेक्टर के निर्देश है चावल या बदले में राशि जमा नहीं करने वाली दुकानों को निलंबित करें। अंतिम नोटिस जारी किया गया है। इसके बाद निलंबन की कार्रवाई करेंगे।

\- भूपेंद्र मिश्रा,
जिला खाद्य नियंत्रक रायपुर

### इन दुकानों में इतना शार्टेज मिला

| दुकान आईडी | शॉर्टेज चावल (क्विंटल में) |
|---|---|
| 441001266 | 135.32 |
| 441001274 | 70-59 |
| 441001275 | 378.69 |
| 401001290 | 276.00 |
| 441001292 | 51-41 |
| 441001295 | 123.52 |
| 441001331 | 253.35 |
| 441001332 | 44.41 |
| 441001335 | 58.97 |
| 441001338 | 101.25 |
| 441001324 | 101.25 |
| 441001253 | 21.19 |
| 441001254 | 22.62 |
| 441001836 | 139.91 |
| 441001337 | 143.16 |
| 442001346 | 351.70 |
| 441001347 | 316.50 |

*गौरतलब है कि दुकानों में शॉर्टेज चावल, शक्कर एवं नमक के मामले में विभाग ने 6 दुकान संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश भी जारी किया है। इन दुकान संचालकों को 3 बार नोटिस के बाद आरआरसी तक जारी हो चुका हैं। इसके बाद भी संचालकों ने खाद्यान्न के बदले राशि जमा नहीं किया है।*

## श्रीराम विजयादशमी के रूप में मनाएं दशहरा रावण का कद छोटा करें



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

असत्य पर सत्य की जीत के उत्सव को श्रीराम विजयादशमी के रूप में दशहरा मैदानों पर मनाने की पैरवी रायपुर उत्तर के विधायक व जगन्नाथ मंदिर के प्रमुख पुरन्दर मिश्रा ने की है। मंदिर परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता में विधायक ने कहा कि पांच सौ साल इंतजार के बाद अयोध्या में रामलला की स्थापना हुई है। आराध्य देव राम का स्वरूप बड़ा व रावण का कद भी छोटा किया जाना चाहिए। इससे बढ़ते प्रदूषण का ग्राफ भी कम होगा। विधायक श्री मिश्रा ने आगे कहा कि परंपरा के अनुसार कालांतर से यह रीत चली आई है कि हिन्दू पंचांग के तहत आश्विन माह शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को दशहरा का पर्व मनाया जाता है। यह पहला अवसर है, जब अयोध्या में श्रीराम का मंदिर बनकर तैयार हुआ है। इसे देखते हुए दशहरा उत्सव का आयोजन करने वालों से आग्रह है कि वे भगवान राम के स्वरूप को बड़ा और रावण का पुतला छोटा बनाएं। इसमें होने वाली आतिशबाजी व बड़ा पुतला दहन होने से प्रदूषण भी बढ़ता है। इसे कम करने के लिहाज से यह मेरा सुझाव है। इसे मैं लोगों को मानने के लिए बाध्य तो नहीं कर सकता, लेकिन जगन्नाथ की सेवा करता हूं। मेरे मन में जो भाव आया उसे मैं आप लोगों के माध्यम से साझा कर रहा हूं, इसे लोग मानें या न मानें इसके लिए किसी को बाध्य नहीं कर सकता, इसलिए आग्रह है।

## भारतीय सेना की दूसरी टोली का कलेक्टर ने रेलवे स्टेशन पर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए भारतीय सेना के 40 जवानों की दूसरी टोली सोमवार को रायपुर पहुंची। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने रेलवे स्टेशन में फूलों की माला पहनाकर जवानों का स्वागत किया। इस दौरान जवानों ने देशभक्ति गीत गाकर आभार जताया।

भारतीय सेना अपनी सेना को जाने के तहत शक्ति प्रदर्शन करेगी। इसके लिए सारनाथ एक्सप्रेस से सोमवार को जबलपुर एसटीसी के 40 जवानों की टोली रायपुर पहुंची। रेलवे स्टेशन में कलेक्टर ने इन जवानों का स्वागत कर शुभकामनाएं दी। इस दौरान जवानों ने देशभक्ति गीत संदेशे आते हैं गाकर आभार जताया। भारतीय सेना के जवान नायक विशाल माने एवं नायक राजेंद्र सिंह ने चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ पहुंचने पर बड़ा



गर्व महसूस हो रहा है। यहां पहुंचकर काफी अच्छा लगा। इस स्वागत समारोह में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, आरटीओ आशीष देंवागन समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### जवानों ने पोषण का दिया संदेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता अभियान की तर्ज पर पोषण अभियान को जन आंदोलन बनाने निर्देशित किया है। इसे लेकर जिले में 1 से 30 सितंबर तक पोषण माह का आयोजन किया गया। पोषण माह के समापन कार्यक्रम कलेक्टर की अगुआई में रेलवे स्टेशन में आयोजित किया गया, जिसमें सेना के जवानों ने भाग लेते हुए पोषण का संदेश लोगों तक पहुंचाया।

## रायपुर में सत्याग्रह पदयात्रा आज, जिले के शिक्षक एलबी भी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा 2 अक्टूबर को राजधानी रायपुर में प्रदेश भर से समस्त शिक्षक एलबी सत्याग्रह पदयात्रा में शामिल हो रहे हैं। जिला संचालक जितेंद्र शर्मा ने कहा कि हम समस्त संविलियन प्राप्त शिक्षक विभिन्न विसंगतियों से घिरे हुए हैं, जिसमें प्रमुख रूप से प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना न कर संविलियन तिथि से समस्त लाभ दिए जाने के शासन के निर्णय से पूरा शिक्षक एलबी संवर्ग ठगा सा महसूस कर रहा है, क्योंकि संविलियन तिथि से गणना करने पर न तो पुरानी पेंशन में पूर्ण पेंशन मिलेगा, न ही ग्रेज्युटी का पूरा लाभ मिलेगा, न क्रमोन्नति, समयमान का लाभ मिल पा रहा है, जिससे वेतन में भारी विसंगति आ गई है।

पदोन्नति सभी वर्गों में नहीं होने की वजह से एक ही पद में 20 से 24 साल भी हो गए हैं, जिससे शिक्षक एलबी संवर्ग का मनोबल टूट रहा है। शिक्षक मोर्चा के जिला संचालक जितेंद्र शर्मा ने बताया कि उपरोक्त सभी समस्याओं के समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों से कई दौर की बात भी हो चुकी है, किंतु अभी तक अपेक्षित परिणाम नहीं मिला है। इसके कारण शिक्षक एलबी संवर्ग में आक्रोश व्याप्त है। अब मजबूरन हमें आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ रहा है। शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आंदोलनों की रूपरेखा को सार्वजनिक करते हुए प्रान्त संचालकों के निर्देश पर शालेय शिक्षक संघ के महासचिव धर्मेश शर्मा, कार्यकारी प्रान्त अध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि 2 अक्टूबर को राजधानी रायपुर में सत्याग्रह पदयात्रा निकाली जाएगी। 14 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालय में मुख्यमंत्री के नाम मूल मांग सहित देय तिथि से लंबित मंहगाई भत्ता व एरियर्स की मांग हेतु कलेक्टर को ज्ञापन दिया जायेगा। 1 नवम्बर राज्य स्थापना दिवस पर प्रदेश भर के शिक्षक, पूर्व सेवागणना दीप जलाकर अपनी सेल्फी, फोटो सहित समस्त सोशल मीडिया व समाचार पत्रें में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा।

11 नवम्बर को छग के 146 विकासखण्ड में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। 12 से 24 नवम्बर के बीच मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रियों, सांसद, विधायको, जिला, जनपद, पंचायत सभी स्तर के जनप्रतिनिधियों को पुरानी सेवा गणना करने की मांग को लेकर मांग पत्र सौंपा जायेगा। 25 नवम्बर को मोर्चा के प्रदेश भर के पदाधिकारी राजधानी रायपुर के इंद्रावती से महानदी भवन तक पैदल मार्च कर मंत्रालय में मांग पत्र दिया जायेगा। इन सबके बावजूद भी यदि समस्याओं का समाधान नही किया गया तो आंदोलन को वृहद कर सड़क की लड़ाई लड़ी जाएगी।

## अनुपम गार्डन में मूणत ने दिलवाई स्वच्छता की सामूहिक शपथ

**करबला तालाब का सौंदर्यीकरण अधूरा होने पर बिफरे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने सोमवार को राजधानी के अनुपम गार्डन में लोगों को स्वच्छता की सामूहिक शपथ दिलवाई। वहीं करबला तालाब के सौंदर्यीकरण का काम आधा-अधूरा होने पर संबंधित अफसरों को जमकर फटकार भी लगाई। पूर्व कैबिनेट मंत्री और पश्चिम क्षेत्र विधायक राजेश मूणत ने अनुपम गार्डन में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस मौके पर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा सहित जोन के अधिकारी मौजूद रहे। इसके बाद उन्होंने फ्लाईओवर के नीचे प्रस्तावित चौपाटी के लिए चल रहे कार्यों की जानकारी ली। दोनों जगह काम की धीमी रफ्तार से वे नाराज हुए। अफसरों को उन्होंने हिदायत दी कि काम हर हाल में समय पर पूरा किया जाये। विधायक राजेश मूणत ने करबला तालाब जाकर वहां चल रहे सौंदर्यीकरण का काम देखा। सूत्रों के मुताबिक सौंदर्यीकरण का काम अधूरा होने पर संबंधित अफसरों को फटकार लगाई। श्री मूणत ने अफसरों को चेताया कि अगर इसी तरह लेटलतीफी चलती रही तो वे अपने विधानसभा क्षेत्र के पार्षदों के साथ नगर निगम का घेराव करने से पीछे नहीं हटेंगे। अनुपम गार्डन में आम जनता और अफसरों को स्वच्छ पर्यावरण की सामूहिक शपथ कार्यक्रम में निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, पूर्व पार्षद गोपी साहू, सामाजिक कार्यकर्ता अशोक पाण्डेय, श्याम सुन्दर अग्रवाल, बजरंग खंडेलवाल, डॉक्टर शैलेश खंडेलवाल, अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

**ब्रम्हकुमारी आश्रम बघेरा में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम**

# नशामुक्त भारत अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नशामुक्त भारत अभियान के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य में आनंद सरोवर प्रजापिता ब्रम्हकुमारी आश्रम बघेरा में

■ नशामुक्त राष्ट्र बनाने दिलाई गई शपथ

संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने की। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नशामुक्त भारत अभियान हेतु जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग और



प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल एवं विधायक गजेन्द्र यादव ने कार्यक्रम स्थल पर दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने नशामुक्ति प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना भी किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने उपस्थित जनों को नशामुक्त राष्ट्र बनाने की शपथ दिलायी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद श्री बघेल ने कहा कि आज हम ऐसे संस्थान में उपस्थित है जो मानव चरित्र निर्माण से जुड़ा है। उन्होंने लोगों से कहा कि नशामुक्त राष्ट्र निर्माण हेतु शपथ में कही गई बातों को अपने जीवन में आत्मसात करें। संभागायुक्त एसएन राठौर ने कहा कि युवा वर्ग को अपनी ऊर्जा का उपयोग समाज और राष्ट्र के विकास में करना है, यह तभी संभव है जब यह वर्ग नशामुक्त होंगे। इस अवसर पर आईजी आरजी गर्ग, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अमित सिंह परिहार ने भी विचार रखे। मुख्य वक्ता डॉ सचिन परब ने बताया कि वे विगत 25 वर्षों से नशामुक्ति अभियान पर कार्यक्रम देते आ रहे हैं। 4 मार्च से सरकार ने यह काम ब्रम्हकुमारी संस्थान को सौंपा है। कार्यक्रम के दौरान समाज कल्याण विभाग के कला जत्था ने नशामुक्ति पर आधारित गीत एवं नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई।

## अवैध खनन को लेकर बैठक में हंगामा, जर्जर सड़कों पर चुप्पी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला पंचायत में सोमवार को सामान्य सभा की बैठक रखी गई थी। इस बैठक में विभाग के अफसर गंभीर नजर नही आए। पिछले बैठक के पालन प्रतिवेदन को लेकर अफसर ही गंभीर नही दिखे। जिसमें नगपुरा से रसमडा की सडक और अवैध मुरूम व मिट्टी खनन पर लगाम जैसे कई मुद्दे बैठक में उठाए गए। लेकिन कार्यवाही के नाम पर अफसर हाथ पर हाथ धरे बैठे रह गए। हर बार की तरह सदस्यों को बैठक में निराशा हाथ लगी।

सामान्य सभा में लक्ष्मी साहू ने बोरई में अवैध खनन को लेकर खनिज विभाग के अफसरों को घेरा, लेकिन कार्यवाही के नाम पर कुछ नही किया गया। इसी तरह बिरेझर और रिसामा में भी बगैर रायल्टी के




खनन का मुद्दा गर्माया रहा। उपाध्यक्ष अशोक साहु ने हैवी ब्लास्टिंग की जानकारी मांगी, लेकिन सहायक खनिज अधिकारी दीपक तिवारी निरूत्तर रहे। इसी तरह जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख ने अवैध खनन के आड में ओव्हर लाड के कारण सडक की दुर्गति का मुद्दा उठाया। जिस पर आगे खनिज विभाग और आरटीओं द्वारा कार्यवाही किए जाने की बात कही गई। सदस्य लक्ष्मी साहू ने नगपुरा से रसमडा की जर्जर सडक की मरम्मत की मांग की थी। जिस पर पीडब्ल्यूडी के ईई अशोक श्रीवास के साथ उनकी जमकर बहस हो गई। श्री मति साहू ने ईई द्वारा गनिमत कहने पर भडक गई। इसके आलावा सीता राईस मिल से केमिकल किसानों के खेतों में आने के कारण फसल खराब होने का मामला गर्माया रहा, जिस पर पर्यावरण विभाग के अनिता सावंत ने नोटिस जारी किए जाने की बात कही। वहीं इस दौरान सदस्यों ने सभी उद्योगों में एटीपी मशीन नही होने पर कार्यवाही किए जाने का मुद्दा उठाया था।

## खबर संक्षेप

### कंपनसेशन सेस पुनर्गठन के लिए मंत्रियों के समूह में ओपी चौधरी

**रायपुर।** जीएसटी के तहत कंपनसेशन सेस के पुनर्गठन के लिए मंत्रियों के समूह का गठन किया गया है। इसमें वित्तमंत्री ओपी चौधरी को सदस्य बनाया गया है। समूह के अध्यक्ष केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी है। उल्लेखनीय है कि जीएसटी काउंसिल की 54वीं बैठक में कंपनसेशन सेस को समाप्त कर एक नया कर ढांचा तैयार करने की जोर दिया गया था। इसी तारतम्य में ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स का गठन किया गया है।

### महाराष्ट्र चुनाव के लिए भी प्रदेश के दो दर्जन नेताओं को जिम्मेदारी

**रायपुर।** महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने छत्तीसगढ़ के करीब दो दर्जन नेताओं को वहां की विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी है। इसमें से कई नेता महाराष्ट्र में डटे हुए हैं। इसी के साथ झारखंड चुनाव के लिए भी प्रदेश के कई नेताओं को जिम्मेदारी मिली है। इस राज्य में प्रदेश के कई मंत्रियों को भी जिम्मा दिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वहां पर सभाएं भी ले चुके हैं।

### किसान नेता टिकैत आएंगे कल, बीजापुर में किसान महापंचायत में होंगे शामिल

**रायपुर।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता व किसान नेता चौधरी



राकेश टिकैत 2 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ आएंगे। वे 3 तारीख को बीजापुर में आयोजित किसान महापंचायत में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। महापंचायत में दिल्ली एनसीआर के अध्यक्ष योगेंदर सिंह चौधरी भी शामिल होंगे। भारतीय किसान यूनियन जिला इकाई बीजापुर के नेतृत्व में मिनी स्टेडियम बीजापुर में किसान महापंचायत का आयोजन 11 सितंबर को होना था, लेकिन भारी बारिश के कारण कार्यक्रम स्थगित हो गया। अब यह महापंचायत 3 अक्टूबर को होगी।

### भिलाई तीन की प्रज्ञा बनी चैंपियन

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप के महिला वर्ग में दुर्ग 10 साल बाद चैंपियन बना। सप्रे शाला रायपुर में हुई द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2024 में भिलाई-3 की प्रज्ञा पाठक चैंपियन बनी। उन्होंने सेमीफाइनल में पहली वरीयता प्राप्त रायपुर की सुरभि मोदी को और फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त बिलासपुर की सुष्मिता सोम को पराजित किया। 10 साल पहले महिला वर्ग में दुर्ग स्व. निशा झा चैंपियन बनी थीं, उसके बाद प्रज्ञा ने यह स्पर्धा अपने नाम किया है। इस स्पर्धा में कोटक महिंद्रा बैंक का सहयोग रहा। प्रज्ञा ने क्वार्टर फाइनल में रायपुर आहना सिंह को सीधे सेट्स में पराजित किया। इसके बाद सेमीफाइनल में बड़ा मुकाबला हुआ। पहली वरियता प्राप्त रायपुर की सुरभि मोदी से मुकाबला हुआ। इसमें उन्होंने 4-1 से जीत हासिल की। इस तरह बिलासपुर में हुई चैंपियनशिप में खिताबी मुकाबले में मिली हार का प्रज्ञा ने उलटफेर करते हुए बदला लिया। फाइनल में उसकी भिड़ंत राज्य की दूसरी वरियता प्राप्त बिलासपुर की सुष्मिता सोम से हुई। इसे उन्होंने 4-1 से सीधे सेट्स में जीत कर खिताब पर कब्जा किया। अपनी सफलता का श्रेय मां गीतांजलि पाठक और कोच कुणाल देव को दिया।

### तालपुरी की संगीता दिल्ली में डॉक्टरेट अवार्ड से सम्मानित

**भिलाई।** तालपुरी बी ब्लॉक की संगीता साहू को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में ऑनररी डॉक्टरेट अवार्ड काउंसिल (एचडीएसी) ने कॉन्सेप्ट ऑफ जीरो इन मैथमेटिक्स एंड मॉडर्न टेक्नोलॉजी यानी गणित और आधुनिक प्रौद्योगिकी (मानद) में शून्य की अवधारणा पर शोध कार्य करने के लिए डॉक्टरेट एवार्ड से सम्मानित किया गया है। वे वर्तमान में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर कार्यरत हैं।

# 'आयुष्मान' इंश्योरेंस या ट्रस्ट में, आम सहमति के बाद होगा फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मरीजों को निशुल्क उपचार की सुविधा देने वाली आयुष्मान योजना ट्रस्ट के अधीन होगी अथवा इंश्योरेंस कंपनी इसका संचालन करेगी, इस पर फैसला व्यापक रूप से आम सहमति के बाद लिया जाएगा। पिछले कुछ समय से योजना का काम बीमा कंपनी को दिए जाने की बात सामने आ रही थी, जिसके लिए विरोध के स्वर भी उभर रहे थे।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सोमवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित अन्य डाक्टरों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में आने वाली समस्याओं से स्वास्थ्य मंत्री को अवगत कराया। इस दौरान योजना को बीमा कंपनी को दिए जाने के मसले पर चर्चा हुई और कई डाक्टरों ने इस पर आपत्ति भी की। स्वास्थ्य मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि सरकार चिकित्सकों के साथ मिलकर योजना के हित में किसी भी तरह का निर्णय लेगी। इसी तरह डाक्टरों को तीस बिस्तरों के अस्पताल को नर्सिंग होम एक्ट के तहत छूट दिए जाने की मांग की जिस पर शीघ्र ही आदेश जारी करने और पर्यावरण, फायर फाईटिंग आदि के लिए सिंगल विंडो की प्रक्रिया शुरू करने की भी बात कही। स्वास्थ्य मंत्री के साथ बैठक में विशेष सचिव चंदन कुमार, संचालक महामारी डॉ. एस. पामभोई, आयुष्मान योजना के नोडल अफसर डा. धर्मेन्द्र गहवई तथा आईएमए की ओर से डॉ. पुर्णेन्दु सक्सेना, डा. विनोद तिवारी, डा. विमल चोपड़ा, डा. कमलेश्वर अग्रवाल, डा. प्रशांत द्विवेदी, डा. सुरेन्द्र शुक्ला, डा. अशोक त्रिपाठी, डा. प्रेम चौधरी मौजूद थे।

## स्वास्थ्य मंत्री की आईएमए के डाक्टरों के साथ हुई बैठक

### तीन साल का अध्ययन अवकाश

तीन साल की पीजी पढ़ाई में दो साल के अध्ययन अवकाश के नियम को बदलाव करने का आश्वासन दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कि ऐसे चिकित्सकों को सवैतनिक अध्ययन अवकाश दिया जाएगा। पिछले कुछ समय से इसकी काफी मांग उठ रही थी। हवाला दिया जा रहा था अवैतनिक अवकाश की वजह से ऐसे चिकित्सकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।



*इन मुद्दों पर भी चर्चा : इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्री और चिकित्सकों के बीच पीएनडीटी एक्ट, छात्रावास संबंधी समस्या, चिकित्सक प्रोटेक्शन एक्ट, संविदा चिकित्सकों के नियमितीकरण, राज्य चिकित्सा प्रशासनिक सेवा प्राधिकरण के गठन, बायोमेडिकल वेस्ट प्लांट पर भी चर्चा हुई।*

### बांड समाप्ति पर विचार

इस दौरान एमबीबीएस और एमडीएमएस के बांड नियम पर भी चर्चा हुई। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि एमबीबीएस में प्रवेश लेने वाले छात्रों को बांड मुक्त करने विचार किया जाएगा। इसके साथ ही पढ़ाई पूरी होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा देने की नियुक्ति प्रक्रिया को तेजी लाने पर जोर दिया गया। चिकित्सकों ने तर्क दिया था कि नए डाक्टरों की नियुक्ति आदेश में काफी विलंब किया जाता है कि जिसकी वजह से उनके सामने बेरोजगारी की स्थिति बन जाती है।

## 1 घंटे का प्रश्नकाल, 15 पार्षदों ने लगाए 30 प्रश्न

# जवाहर बाजार की दुकानों का मुद्दा एजेंडे से गायब, 31 एजेंडों पर होगी 4 को सामान्य सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर एजाज ढेबर के कार्यकाल की अंतिम सामान्य सभा में जवाहर बाजार की दुकानों का मुद्दा ही एजेंडे से गायब है। इस बात को लेकर निगम के गलियारों में खासी हलमल मची है। सभा की तारीख को बदलने के साथ ही पूर्व निर्धारित एक एजेंडे को ही विलोपित कर दिया गया है।

यह एजेंडा जवाहर बाजार की दुकानों के संबंध में है। 4 अक्टूबर को होने वाली सामान्य सभा में अब 31 एजेंडे पर ही चर्चा हो पाएगी। वहीं इस बार के प्रश्नकाल में 15 पार्षदों ने जनहित से जुड़े 30 प्रश्न लगाए हैं। इनमें भाजपा के 10 पार्षद और कांग्रेस पार्टी के 5 पार्षद शामिल हैं। कांग्रेसी पार्षद अपने ही पार्टी के भारसाधक सदस्यों को सदन में सवालों के जरिए घेरने तैयार बैठे हैं।

नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक 4 अक्टूबर को गांधी सदन के सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित है। इसमें 31 एजेंडे सदन में चर्चा के लिए लाए जा रहे हैं। पूर्व में 32 एजेंडे वाली कापी 70 पार्षदों को सचिवालय की ओर से बांटी गई। इस बीच जोन 10 अध्यक्ष आकाशदीप शर्मा और कुछ पार्षदों सहित पूर्व नेता प्रतिपक्ष द्वारा नवरात्रि के पहले दिन बैठक रखने का विरोध होने से सभा 4 अक्टूबर को की गई। एजेंडा क्रमांक 32 को विलोपित कर 31 एजेंडे की संशोधित जारी हुई।

## कांग्रेसी पार्षद भी घेरने की तैयारी में



- 10 भाजपा के और 5 कांग्रेसी पार्षद भी इस बार सवाल के मूड में
- सामान्य सभा में विधायक, मंत्री और सांसद को दे रहे न्योता

### सभा के लिए मंत्री विधायक, सांसद को न्योता

नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा कि सामान्य सभा में इस बार शहर के चारों विधायकों, सांसद और विभागीय मंत्री को सदन की कार्यवाही देखने आमंत्रित कर सकते हैं, पिछली सामान्य सभा के दौरान रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा सदन में आये थे।

### कांग्रेसी पार्षदों ने प्रश्नकाल में लगाए ये सवाल

0 अनवर हुसैन ,पार्षद -हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड

प्रश्न 1 क. शहर में नगर निगम द्वारा कितने होर्डिंग्स लगाये गये हैं, किन-किन एजेंसियों को होर्डिंग्स लगाने कार्यादेश दिया गया है?

ख. एजेंसियों को अवैध होर्डिंग्स लगाने पर किन-किन स्थानों पर कार्यवाही की गई, किन स्थानों पर अवैध होर्डिंग्स पाई गई है?

प्रश्न 2 निगम में कितने वर्षों से पदस्थापना प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी और तृतीय श्रेणी के अधिकारी की है, कहां से प्रतिनियुक्ति पर रायपुर नगर निगम में आये हैं और कब से कब तक पदस्थ हैं?

0 उत्तम साहू, पार्षद - भक्त कर्मा माता वार्ड

प्रश्न 1 भाजपा के भूमिपूजन कार्यक्रम में मेयर की उपेक्षा क्यों की गई ?

प्रश्न 2 शहर के 70 वार्डों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना का क्या हुआ?

0 धनेश बंजारे पार्षद, विद्याचरण शुक्ल वार्ड

प्रश्न 1 जनसमस्या निवारण शिविर के कितने कार्य लंबित हैं?

प्रश्न 2 पिछले वर्ष टैक्स कलेक्शन में किन-किन विभागों से कितना राजस्व मिला है?

इसके अलावा कांग्रेसी पार्षद अमितेश भारद्वाज, आकाशदीप शर्मा ने भी प्रश्नकाल के लिए प्रश्न लगाये हैं।

## इस सप्ताह अजमेर और लखनऊ का सफर मुश्किल

# नौतनवा और निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस के रीस्टोर होने से यात्रियों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



बिलासपुर-कटनी तीसरी रेललाइन परियोजना के अंतर्गत बिरसिंहपुर रेलवे स्टेशन को तीसरी लाइन से जोड़ने के लिए यार्ड रिमोडलिंग का काम करने के लिए रेलवे ने दो दिन पहले 26 एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द किया था। अब फिर से रेलवे ने इनमें से 16 ट्रेनों को रीस्टोर कर चलाने की घोषणा कर यात्रियों को बड़ी राहत दी है।

रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि बिरसिंहपुर रेलवे स्टेशन को तीसरी रेललाइन से जोड़ने का काम तीन अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक चलेगा। इस बीच गरीब रथ, नौतनवा समेत 10 एक्सप्रेस ट्रेनों को 3 दिनों के लिए रद करने के साथ ही बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस को दोनों तरफ से परिवर्तित मार्ग से चलाने का फैसला लिया गया है।

- बिरसिंहपुर रेलवे स्टेशन को तीसरी रेललाइन से जोड़ने 3 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक चलेगा का काम

### परिवर्तित मार्ग से दौड़ेगी बरौनी-गोंदिया

दो से 10 अक्टूबर तक बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बरौनी-कटनी-जबलपुर-नैनपुर-बालघाट-गोंदिया होकर चलेगी। वहीं दो से 10 अक्टूबर तक गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंदिया-बालघाट नैनपुर-जबलपुर-कटनी-बरौनी होकर चलेगी।

### अक्टूबर में अब तक 10 ट्रेन रद्द

अक्टूबर में 10 ट्रेन अभी तक रद्द है, जिसमें 12535 लखनऊ-रायपुर गरीब रथ 03, 07 एवं 10 अक्टूबर और 6 को 18213 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस व दुर्ग- कानपुर 7 व 9 को रद्द रहेगी, जो रायपुर मंडल की प्रमुख ट्रेन है। अब रद ट्रेनों में से 16 ट्रेनों के एक ट्रिप को रीस्टोर कर दिया गया है। पूर्व में रद्द की गई बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस 11 अक्टूबर को अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी। इसी तरह से इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस 12 अक्टूबर, बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस 10 अक्टूबर, भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस 12 अक्टूबर, जबलपुर-अंबिकापुर एक्सप्रेस 11 अक्टूबर, अंबिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस 12 अक्टूबर, रीवा-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल 11 अक्टूबर, चिरमिरी-रीवा पैसेंजर स्पेशल 12 अक्टूबर, दुर्ग-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस 11 अक्टूबर, निज़ामुद्दीन-दुर्ग एक्सप्रेस 12 अक्टूबर से चलेगी। दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस 10 अक्टूबर, नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस 12 अक्टूबर, चिरमिरी-अनूपपुर पैसेंजर स्पेशल 12 अक्टूबर,अनूपपुर-चिरमिरी पैसेंजर 12 अक्टूबर, कटनी-चिरमिरी मेमू स्पेशल 11 अक्टूबर और चिरमिरी-कटनी मेमू स्पेशल 12 अक्टूबर को अपने निर्धारित समयानुसार चलेंगी।

# दर्द: पंडवानी गायिका तीजन का तंबूरा क्या छूटा, पेंशन देना ही भूले कर्णधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पंडवानी का मिथक बन चुकीं छत्तीसगढ़ का गौरव तीजन बाई की दीर्घ कला साधना अनूठी ही नहीं बल्कि अप्रतिम भी है। वे इस रत्नगर्भा प्रदेश की इकलौती सौभाग्यशाली लोकगायिका हैं, जिन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म सीरीज के तीनों

- परिजनों ने पद्मश्री-पद्मविभूषण राशि की कलेक्टर से की गुहार

अलंकरण यानी पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्मविभूषण से अलंकृत किया जा चुका है। एक अंतर्राष्ट्रीय पंडवानी गायिका के रुप में अपने जादुई पंडवानी गायन और प्रदेश में पर्यावरण, कुष्ठ उन्मूलन और साक्षरता आदि कई लोक कल्याण अभियानों में वर्षों कलाकारों के साथ लोक जागजागरण में सुदीर्घ अवदान देने के कारण देश,समाज और सरकारों ने सर आंखों पर बिठाया । यह सालभर पूर्व तब की बात है,जब उनके तंबूरे की गूंज दुर्ग के खारुन से इंगलैंड के टेम्स तक गूंजा करती थी।

लेकिन 2023 में जवान बेटे की आकस्मिक मौत के हादसे के सदमे से गिरी सेहत से तंबूरे ने उनका साथ क्या छोड़ा सरकार के नुमाइंदों ने भी उन्हें भुला सा दिया। कला और कलाकारों के संरक्षण के जिम्मेदारों की उपेक्षा का यह आलम है कि अस्वस्थ चल रहीं तीजन बाई को पद्म सम्मान की पेंशन तक नहीं मिल रही है। दर बदर भटक रहे परिजनों ने आखिरकार कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से मदद की गुहार की की है। उन्होंने भरोसा दिलया है।

बीएसपी हास्पिटल के अलावा अन्य इलाज करवाने का खर्च भी सालभर से परिवार को खुद वहन करने मजबूर होना पड़ रहा है। लेकिन मुसीबत के इस विकट दौर में भी तीजन दृढ़ इच्छाशक्ति और फौलादी हौसला दिखाते हुए सेवाश्रुसुषा में रात दिन एक करने वाले अपने परिवार और कला बिरादरी के संबल से जल्द फिर से तंबूरा की तान छेड़ने की रट लगाए हुए हैं। उल्लेखनीय है कि 12 साल की छोटी से उम्र से गरीबी और आपदाओं से संघर्ष करते हुए पंडवानी गायन करने वाली प्रख्यात पंडवानी गायिका 76 वर्षीय तीजन बाई को उनके अंतराराष्ट्रीय कला जगत में सतत योगदान को देखते हुए भारत सरकार ने पहले पद्मश्री फिर पद्मविभूषण और बाद पद्मविभूषण सम्मान से सम्मानित किया है। एक सांस्कृतिक दूत के रुप में उनके अवदान को भी सदैव सराहा गया।



### सेक्टर 9 हास्पिटल से छुट्टी, सेहत में सुधार

गौरतलब हो कि 2023 अप्रेल में पंडवानी गायिका तीजन बाई के भोपाल से स्पीक मैके के कार्यक्रम देकर लौटने के बाद 29 मई को उनके बेटे की हार्ट अटैक से हुई मौत के सदमे से तीजन 13 जून को पैरालाइज अटैक पड़ा था। इलाज सेक्टर नौ अस्पताल व जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा घर पर इलाज उपचार कराया गया था। अटैक के बाद वे ठीक से चल बोल नहीं पाती हैं और शारीरिक रुप से कमजोरी भी महसूस करती हैं। जिला स्वास्थ्य विभाग, राज्य शासन व बीएसपी जेएलएन हास्टिपटल की पहल से उनका हार्ट का भी उपचार चल रहा है । परिजन बाहर अस्थमा आदि का इलाज करवा रहे हैं। शनिवार को तीजन का बीपी व कोलेस्ट्राल बढ़ने पर उन्हें सेक्टर नौ हास्टिल में भर्ती कराया गया था। स्वास्थ्य में सुधार होने पर आज सोमवार को छुट्टी दे दी गई। उपचार के दौरान तीजन की बहन रंभा, बहू सावित्री व रेणू , नातिन मेनका तथा नारायण ठाकुर आदि सिंह ठाकुर आदि परिजन रात दिन अस्पताल में भी डटे रहे। परिजनों ने बताया कि सालभर से तीजन बाई की सेहत खराब होने और पंडवानी कार्यक्रम नहीं दे पाने का सालभर का यह दौर उनके लिए पीड़ादायी है। लेकिन तीजन बाई ने हौसला नहीं छोड़ा है और कभी किसी के आगे हाथ भी नहीं फैलाया। कलाकारों को उम्मीद है कि सरकार उनकी विपदाओं को देखते हुए संवेदना दिखाएगी।

# वर्षों से बहिष्कृत 11 परिवार समाज में वापस शामिल

- छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सुनवाई में परिवारों को मिला न्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

समाज से बहिष्कार की परंपरा सदियों से चली आ रही है। इसे रोकने के लिए कानून में सजा का प्रावधान भी किया गया है। इसके बाद भी यह परंपरा कई जाति समाज में अब तक खत्म नहीं हो पाई है। यही कारण है कि तथाकथित समाज से बहिष्कार किए गए परिवार को कई तरह की परेशानियों से गुजरने के लिए मजबूर होना पड़ता है। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में छत्तीसगढ़ के कोंडागांव और नारायणपुर जिले के ऐसे ही प्रकरण आए थे, जिनमें सुनवाई करते हुए आयोग ने समाज से बहिष्कृत 11 परिवारों को वापस समाज में शामिल कराया। इनमें कोई परिवार 7 वर्ष, कोई 13 तो कोई 32 वर्षों से समाज से बहिष्कृत था।

राज्य महिला आयोग के राजधानी रायपुर स्थित कोर्ट में सोमवार को महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई हुई। महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने बताया कि कोंडागांव और नारायणपुर जिले में रहने वाली अलग-अलग परिवार की महिलाओं ने शिकायत की थी कि उसके परिवार को समाज के पदाधिकारियों ने बहिष्कार कर दिया है। ये सभी महिलाएं कोसरिया मरार पटेल समाज की है। शिकायत करने वाली महिलाओं में कोई गांव की सरपंच है, कोई वार्डन कार्यालय में क्लर्क तो कोई शिक्षक है। इनमें से सरपंच महिला का परिवार पिछले 7 वर्ष से समाज से बहिष्कृत है, वहीं शिक्षक महिला का परिवार 13 वर्षों से तथा क्लर्क महिला का परिवार पिछले 13 वर्षों से समाज से बहिष्कृत हैं। बताया जा रहा है कि 13 वर्षों से बहिस्कृत महिला की मां को समाज ने 13 वर्ष पहले बहिष्कार किया था। इसके बाद से उसके परिवार को समाज ने कभी वापस शामिल नहीं किया। इसके अलावा 8 और महिलाएं भी इसी समाज से बहिष्कृत है जो शिकायत लेकर सुनवाई में पहुंची थी।



### समाज प्रमुखों का बहिष्कार से इनकार, कहा- भविष्य में भी कभी नहीं करेंगे



इस प्रकरण की सुनवाई में आयोग ने समाज प्रमुखों को भी बुलाया था। प्रकरण में समाज के करीब 25 से 30 पदाधिकारी पहुंचे थे। समाज प्रमुखों ने सुनवाई के दौरान महिलाओं द्वारा लगाए गए आरोप को गलत बताते हुए कहा कि समाज ने कोई सामाजिक बहिष्कार नहीं किया है, जबकि आयोग की पहली सुनवाई में ही यह बातें सामने आ गई थी कि आवेदिकागणों के परिवारों का बहिष्कार किया गया है। हालांकि आयोग की समझाईश पर समाज प्रमुखों ने भविष्य में आवेदिका के परिवार या अन्य किसी भी परिवार का कोई सामाजिक बहिष्कार नही किए जाने की बात कहीं है। आयोग ने समाज प्रमुखों को यह भी समझाईश दी कि वे सामाजिक बैठक कर समाज के विधान में संशोधन करें कि किसी भी महिला का बहिष्कार नहीं करेंगे।

### जमीन बिकवाने के बाद मानसिक रूप से बीमार वृद्धा को किया गायब

आयोग में गौरेला थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने शिकायत की थी कि उसकी मां जो मानसिक रूप से बीमार थी। उसके नाम पर पौने चार एकड़ जमीन थी जो मुख्य रोड से लगी हुई थी। इस जमीन की कीमत करीब साढ़े तीन करोड़ रुपए आंकी गई है। इस जमीन को उसका भतीजे ने धोखे से बिकवा दी है। इस जमीन को दूसरे के नाम पर रजिस्ट्री कराने के दिन उनकी मां को आखरी बार रजिस्ट्री कार्यालय में देखा गया था। इसके बाद से वह गायब है। उसकी मां जिंदा है या उसकी हत्या कर दी गई है। इसका पता नहीं चल पाया है। आवेदिका ने बताया है कि जमीन बिक्री की रकम उसकी मां के खाते में ट्रांसफर हुई थी, लेकिन अनावेदक खाते में खुद को नॉमिनी बना रखा था, इसलिए रकम मिलने के दूसरे दिन ही उसने खाते से जमीन बिक्री की पूरी रकम निकाल ली है। आयोग की पहली सुनवाई में अनावेदक ने आवेदिका की मां को लाने की बात कहीं थी, लेकिन इसके बाद 3 सुनवाई में वह खुद भी नहीं पहुंचा। आयोग ने संदेह के आधार पर अब इस मामले में गोलबाजार थाना रायपुर पुलिस तत्काल एफआईआर दर्ज कर इसकी जांच कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

## पेज 11 के शेष

### प्रधान पाठिका ने शिक्षिका ...

हंसा, ममता वर्मा के रजिस्टरों का अवलोकन डाइट व्याख्याता थलज कुमार साहू ने किया, जो पूरी तरह अपडेट पाए गए। पाठ योजना के अनुसार अध्यापन कार्य किया जा रहा है। साथ ही रोजाना एक से दो बच्चों से बातचीत भी की जा रही है। अतः विद्यालय का पूरा प्रभार सरिता मानिकपुरी संभाल रही हैं। इस विद्यालय की सहायक शिक्षिका कामिनी मंडावी 29 सितंबर के लिए आवेदन लिखकर छोड़ी थी। उसे प्रभारी प्रधान पाठिका सरिता मानिकपुरी 29 तारीख को सुधार कर ओवर राइटिंग कर 30 तारीख लिख दी और उनका आकस्मिक अवकाश चढ़ा दिया। इस तरह प्रभारी प्रधान पाठिका सरिता मानिकपुरी अनुपस्थित शिक्षिका का बचाव करती नजर आई। इस पर डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे खासे नाराज हुए, प्रभारी प्रधान पाठिका को कड़ी हिदायत दी। रजिस्टर में अनुपस्थित ही लिखा और उनके एक दिन का वेतन काटने का निर्देश भी दिया। साथ ही प्रभारी प्रधान पाठिका को स्पष्टीकरण जारी करने की भी बात कही। आवेदिका स्वयं 29 तारीख के लिए आवेदन लिखी थी। उसे प्रभारी प्रधान पाठिका सरिता मानिकपुरी के द्वारा ओवरराइटिंग कर 30 तारीख के लिए बना दिया गया।

### अभी तक चावल जमा ...

प्रकाश भारद्वाज, अंकिता गर्ग सहित विभिन्न विभागों के ज़िला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों के ज़िला अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों में लंबित मामलों का शीघ्र समाधान करें और जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों को सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों का जमीनी स्तर पर सही क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने अधिकारी नामांकित

**बेमेतरा।** नगर पालिकाओं के आम निर्वाचन 2024-25 के लिए बेमेतरा जिले के नगर पंचायत कुसमी की 01 जनवरी 2024 की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार पुनरीक्षित किया जाना है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग,रायपुर के निर्देशानुसार नगर पंचायत कुसमी नगरीय निकाय की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए छत्तीसगढ़ नगर पालिका निर्वाचन नियम के तहत अनुविभागीय अधिकारी बेरला को अधिकारी को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, और तहसीलदार बेरला को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।अपीलीय अधिकारी अपर कलेक्टर होंगे। जो राज्य निर्वाचन आयोग के संलग्न दिशा-निर्देशों के अनुरूप निर्धारित कार्यक्रम अनुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगें ।

### सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में मनाई जाएगी गांधी जयंती

**बालोद।** ब्लॉक मनरेगा मेट संघ बालोद की बैठक सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम बालोद में हुई। बैठक का संचालन ब्लॉक सचिव तीरथ राम साहू ने किया। बैठक में मेट पहचान पत्र वितरण किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष धनेश्वरी साहू ने सभी मेटो को एकजुट होने व पदाधिकारियों को अपना पूर्ण सहयोग करने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि संगठन में ताकत का परिचय दिया। जिसके कारण मजदूरों व मेटों की मजदूरी भुगतान तत्काल किया गया। बैठक में उपस्थित मेटों ने सर्वसम्मति से 02 अक्टूबर को गांधी जयंती सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में मनाने का प्रस्ताव किया। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष धनेश्वरी साहू, सचिव तीरथ राम साहू, सहसचिव तोमिन मरकाम, जोन प्रभारी शैलेन्द्र कुमार, जोन प्रभारी योगेश कुमार, प्रीति साहू उपस्थित थे।

### पीपरछेड़ी में सदस्यता अभियान के संबंध में हुई बैठक

**बालोद।** ग्रामीण मंडल के बूथ क्रमांक 117–118 ग्राम पीपरछेडी में सदस्यता अभियान को लेकर संयुक्त बैठक आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष पवन साहू ने ग्रामीण भाजपा मंडल बालोद के बूथ क्रमांक 117 एवं 118 पीपरछेड़ी में संयुक्त रूप से बूथ कार्यकर्ताओं के साथ सदस्यता अभियान के लिए बैठक में शामिल हुए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, मंडल महामंत्री दानेश्वर मिश्रा, चित्रसेन साहू, युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष संजय साहू, कृष्णा राम साहू, कौशल साहू, मनहरण साहू, चंद्रहास साहू, मोहनलाल साहू, अजय साहू, दशरथ साहू, गणेश साहू, वीरेंद्र कुमार, सोनबोइर, लखन लाल साहू, डेमन लाल, लेखराम, लोकनाथ साहू, कन्हैया साहू, धनेश कुमार साहू व ग्रामीण उपस्थित थे।

### भाजपा की सदस्यता यानी राष्ट्रसेवा का संकल्प- यादव

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक चल रही सदस्यता अभियान को लेकर विधायक गजेंद्र यादव जनता के बीच पहुंचकर उन्हें भाजपा की सदस्यता बना रहे है। उन्होंने कार्यकर्त्ताओ को कहा कि, सदस्यता अभियान को सिर्फ अभियान ना मानकर पार्टी की सेवा मानना है।

**स्पर्धा :** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रकृति थीम पर आयोजित की गई प्रतियोगिता

# स्वच्छता का महत्व बताने बच्चों ने बनाई पेंटिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

■ कक्षा 6 वीं से 12वीं तक के 300 से अधिक बच्चे हुए शामिल

'स्वच्छता ही सेवा' 2024 अभियान के अंतर्गत ज़िला पंचायत के सभागार में प्रकृति थीम पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शहर के शासकीय और अशासकीय स्कूलों के 6वीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक के 300 से अधिक विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें प्रकृति के संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना था।



प्रतियोगिता के आयोजन से पूर्व, ज़िला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सभी स्कूलों के प्रधानपाठकों और प्राचार्यों को निर्देशित किया था कि वे प्रत्येक कक्षा से कम से कम एक प्रतिभाशाली विद्यार्थी की सहभागिता सुनिश्चित करें। इसके परिणामस्वरूप, विभिन्न स्कूलों के उत्साही विद्यार्थियों ने अपनी कला के माध्यम से स्वच्छता और प्रकृति के बीच के संबंध को बखूबी दर्शाया। इस अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों की कलाकृतियों का अवलोकन किया और उनकी रचनात्मकता की सराहना की। उन्होंने बच्चों से बातचीत की और स्वच्छता की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि स्वच्छता न केवल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है, बल्कि यह प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा के लिए भी आवश्यक है।* इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल,डिप्टी कलेक्टर दिव्या पोटाई, ज़िला मिशन समन्वय नरेन्द्र वर्मा उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा, बच्चों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना एक महत्वपूर्ण पहल है। उनकी पेंटिंग्स हमें प्रेरित करती हैं कि हम प्रकृति को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए अपने दायित्व को समझें।

आयोजन के अंत में, कलेक्टर ने प्रतिभागी बच्चों के साथ समूह फोटो भी खिंचवाया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग चयन कर विजेताओं की घोषणा की जाएगी।

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश



**बेमेतरा।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रेवेंद्र सिंह कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, ढोलिया, बेमेतरा के नेतृत्व में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छ तथा पॉलीथीन मुक्त बेमेतरा बनाने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवी (छात्र-छात्राओं) द्वारा स्वस्छता रैली का आयोजन किया गया तथा स्वच्छ व पॉलीथिन मुक्त बेमेतरा व प्रदेश बनाने की शपथ ली। जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटक के दौरान लोगों को स्वच्छता का महत्व एवं पॉलीथिन के दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए उसके जगह पेपर बैग व कपड़े के थैलों के उपयोग करने को बताया। इस कार्यक्रम में स्थानीय जन ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मार्गदर्शक कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. संदीप भंडारकर रहे। इस कार्यक्रम के सफल संचालन की जिम्मेदारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. साक्षी बजाज, डॉ. टीडी साहू, डॉ. यूके ध्रुव, कुंती बंजारे, डॉ. हेमलता निराला, डॉ. सरिता शर्मा, प्रतिभा सिंह तथा महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं, पार्षदों व नागरिकों ने की भद्रकाली तालाब की साफ सफाई



**बेमेतरा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन दिवस से विधायक दीपेश साहू के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पखवाड़े भर सेवा के विभिन्न कार्य किये जा रहे हैं। विगत 2 दिनों से लगातार स्वच्छता अभियान के अंतर्गत भद्रकाली माता तालाब को स्वच्छ व सुंदर तथा गन्दगीमुक्त करने के लिये भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता पार्षद, नगरवासी व नगरपालिका प्रशासन का पूरा दल इस कार्य में लगातार लगा हुआ है। भाजपा नेताओं ने बताया कि आने वाली नवरात्रि में भद्रकाली महोत्सव मनाया जाएगा। वहीं, 51 फिट का भगवाध्वज लगाया जाएगा। इसके लिए नवीन बाजार को व्यवस्थित किया जा रहा है। भद्रकाली तालाब में नवरात्रि का ज्योत विसर्जन के पहले ही तालाब को साफ सुथरा कर विशेष सौंदर्यीकरण पचरी सहित पूरे तालाब के चारों ओर रंगरोगन किया जा रहा है। भद्रकाली मंदिर तालाब में साफ सफाई अभियान नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचू साहू,भाजपा जिला कार्यालय मंत्री विकास तम्बोली, पार्षद देवराम साहू यशवंत लहरे, राजू देवांगन सहींत अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## जिला न्यायालय परिसर में की गई सफाई

**बेमेतरा।** स्वच्छता ही सेवा-2024 कार्यक्रम के अंतर्गत बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की अध्यक्षता में जिला न्यायालय परिसर एवं प्राधिकरण कार्यालय में न्यायाधीशगण एवं न्यायिक कर्मचारियों के द्वारा परिसर में साफ-सफाई की गई।



उनके द्वारा अधिकारी व कर्मचारियों से कहा गया कि स्वच्छता की शुरूआत स्वयं से ही की जानी चाहिए, उसके तहत सर्वप्रथम हमें अपने कर्मस्थल को साफ एवं स्वच्छ करना चाहिए, जिससे हमारा मन शांत और स्वच्छ रह सकें जिससे हम अच्छे वातावरण में कार्य कर सकें। अभियान के चरण में निधि शर्मा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के तत्वाधान में शासकीय माध्यमिक विद्यालय कन्तेली जिला बेमेतरा व तालुका अध्यक्ष विवेक केरकेट्टा के द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साजा, जिला-बेमेतरा के छात्र-छात्राओं द्वारा 30 सितंबर को स्वच्छता रैली भी निकाली गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं लीगल एड डिफेंस कौसिंल कार्यालय में भी साफ-सफाई कर स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया गया। अध्यक्ष द्वारा पर्यावरण को भी स्वच्छ रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने एवं अपने-अपने जन्म दिवस के अवसर पर एक पेड अवश्य लगाने का भी संदेश दिया। उक्त कार्यकम में न्यायाधीशगण, जिला न्यायालय व प्राधिकरण के कर्मचारी, पैरालीगल वालिंटियर्स, एलएडीसीएस अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया जागरूक

**नवागढ़।** मंगलवार को शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या मंगली बंजारा के मार्गदर्शन में एनएसएस प्रभारी निर्मल कुमार, सुनील, अजयकांत नवरंग, मणिशंकर, करण सोनी सहित रासेयो के स्वयंसेवकों ने नगर में रैली निकाली। इसके साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम नागरिकों को स्वच्छता के लाभ बताते हुए अपने आसपास को साफ रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्वयंसेवक प्रशांत कोशले, सुमित टंडन, सोनसाय, हेमलता, गंगेश्वरी, कान्हा, शत्रुहन सहित अन्य उपस्थित रहे।



## जनदर्शन में कलेक्टर शर्मा ने सुनी नागरिकों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

■ जनदर्शन में मिले 33 आवेदन, कुछ का तत्काल किया गया निराकरण

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने मंगलवार क़ो जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर पहुंचे नागरिकों से मुलाकात की। इस दौरान जनदर्शन में आने वाले लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। जनदर्शन में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। आज जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 33 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी।

इस दौरान तहसील देवकर के ग्राम पंचायत बुन्देला निवासी दशोदा बाई ने ऑनलाइन रिकार्ड में नाम सुधारने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील साजा ग्राम कोगियाकला निवासी डुमेश्वरी साहू ने महतारी वंदन योजना के संबंध में आवेदन दिया। तहसील बेरला के ग्राम डडजरा निवासी द्वारिका दास वैष्णव ने खाद गढ्ढा हटाने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील दाढ़ी के ग्राम पचभैया निवासी धन्नू राम साहू ने प्रधानमंत्री आवास के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के ग्राम चारभाठा निवासी सहदेव कुर्रे ने लोलेसरा चोरभट्ठी बेमेतरा बायपास मार्ग के भू-अर्जन प्रकरण मुआवजा के संबंध में आवेदन दिया। इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल के लिए प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धापेंशन हेतु, दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया। इस अवसर पर जिला पंचायत सी.ई.ओ. सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### सशिमं खर्रा के बच्चों एवं आचार्यों ने निकाली स्वच्छता जागरुकता रैली

**गुरुर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा के भईया, बहनों एवं आचार्य परिवार द्वारा प्रधानाचार्य फलदेव साहू के मार्गदर्शन में स्वच्छता एवं स्वदेशी प्रचार रैली का आयोजन किया गया।

विद्यालय के भईया-बहनों ने हाथ में स्वच्छता व स्वदेशी स्लोगन लिखे हुए पोस्टर व बैनर लेकर गांव के गलियों में भ्रमण किया। चौराहों पर लोगों को स्वदेशी वास्तुओं के नाम की सूची वितरण कर स्वदेशी वस्तु अपनाने का आग्रह किया गया। विद्यालय परिसर तथा आसपास की सफाई की गई। आचार्य सुखीत कलिहारी द्वारा भईया बहनों को एवं सभी आचार्य, दीदियों को स्वच्छता तथा स्वदेशी वस्तु अपनाने व उपयोग करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य सुखीत कलिहारी, आचार्य परिवार कामता प्रसाद साहू, मनोहर साहू, दीदी चितेश्वरी साहू, बीना साहू, रंजना सिन्हा, तुमेश्वरी पटेल, छबि लता पटेल एवं शिशु व बाल भारती के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अपार आईडी और परख के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

### जिले के सभी संकुल प्राचार्यों और संकुल समन्वयकों के लिए हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा



जिले के सभी संकुल प्राचार्यों और संकुल समन्वयकों के लिए अपार आईडी और परख से संबंधित एक विशेष प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला बेमेतरा में किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों और समन्वयकों को अपार आईडी और परख प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना था, जिससे वे अपने विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता को और बेहतर बना सकें।

कार्यशाला के दौरान अपार आईडी के बारे में विस्तृत जानकारी प्रोग्रामर नेहिल वर्मा ने प्रदान की। उन्होंने अपार आईडी के महत्व, उपयोग और इसे प्रभावी ढंग से कैसे लागू किया जा सकता है, इस पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपार आईडी का मुख्य उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों की पहचान को सरल और सटीक बनाना है, जिससे शैक्षणिक गतिविधियों की निगरानी और प्रबंधन में आसानी हो सके।

इसके अलावा, परख प्रणाली के बारे में जानकारी एफएलएन पीएमयू प्रवीण सोनकर ने दी। उन्होंने बताया कि परख का उद्देश्य प्रारंभिक कक्षाओं के बच्चों की साक्षरता और संख्या ज्ञान को सुदृढ़ करना है। इस प्रणाली के माध्यम से बच्चों की क्षमताओं का सही आकलन किया जा सकेगा और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सकेगा। प्रशिक्षण कार्यशाला में जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र वर्मा और MIS प्रशासक खिरामन वर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने शिक्षकों और समन्वयकों को अपार आईडी और परख प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए प्रेरित किया और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।कार्यशाला के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों ने अपनी शंकाओं का समाधान किया और नई तकनीकों को सीखने में रुचि दिखाई।

### क्या है अपार

मालूम हो कि भारत सरकार ने 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के हिस्से के रूप में ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री नामक एक नई पहचान प्रणाली शुरू किया है, जिसे 'वन नेशन, वन स्टूडेंट आईडी' के रूप में भी जाना जाता है। इस कार्यक्रम के तहत, हर छात्र को एक यूनिक आईडी नंबर मिलेगा। यह आईडी नंबर आपके सभी शैक्षणिक रिकॉर्ड, जैसे डिग्रियां, छात्रवृत्तियां, पुरस्कार और अन्य उपलब्धियों को डिजिटल रूप से संग्रहीत करेगा। यदि आप किसी स्कूल या कॉलेज में पढ़ रहे हैं, तो आपको वेबसाइट पर वन नेशन वन आईडी के लिए रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसके बाद आप आधिकारिक वेबसाइट पर अपना आईडी प्राप्त कर सकेंगे। ये कार्यक्रम सभी छात्रों के लिए है। अब तक देश में करीब 25 करोड़ एपीएएआर कार्ड बन चुके हैं। वहीं, परख को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन के भाग के रूप में लॉन्च किया गया है, जिसमें नए मूल्यांकन पैटर्न और नवीनतम शोध के बारे में स्कूल बोर्डों को सलाह देने और उनके बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिये एक मानक-निर्धारण निकाय की परिकल्पना की गई है। यह एनसीईआरटी के एक भाग के रूप में कार्य करेगा।

### कुथरेल में स्वच्छता जागरुकता अभियान व सम्मान समारोह आज

**अंडा।** राष्ट्रीय स्वच्छता पखावड़ा जिला दुर्ग आदर्श ग्राम पंचायत कुथरेल में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय स्वच्छता ज्ञान दिवस एवं जन-जागरूकता चलाया जाएगा। इस अवसर पर समाजसेवियों का सम्मान किया जाएगा।

### विधायक अनिला ने क्षेत्रवासियों को दी सवा करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

**डौंडीलोहारा।** क्षेत्रीय विधायक अनिला भेंडिया ने वनांचल ग्रामों में कई विकासकार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। इसमें करियाटोला में पांच लाख का स्कूल भवन, कुर्रूभांट में 10.50 लाख का स्कूल भवन एवं 6.50 लाख का सामुदायिक भवन, मंगचुवा में 13 लाख का किसान कुटीर भवन एवं 5 लाख का सामुदायिक भवन, करतुटोला में 5 लाख का सी सी रोड, डुमाटोला में 6.50 लाख का सामुदायिक भवन, रेंगाडबरी में 13 लाख का किसान कुटीर भवन एवं 15 लाख का मंगल भवन शामिल है। इसी तरह पुनारकसा में 13 लाख का किसान कुटीर भवन, 10 लाख का डोम शेड, 8.50 लाख का यात्री प्रतिक्षालय, भीमपुरी में 5 लाख का सी सी रोड़,बंजारी में 6.50 लाख का सामुदायिक भवन एवं 8.50 लाख का यात्री प्रतिक्षालय का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया गया।















